>

Title: Need to start laying of railway lines from Ramganjmandi to Jhalawar in Rajasthan and from Agar to Ujjain in Madhya Pradesh.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): वर्ष 2009 में बजट भाषण में जोर देकर कहा गया था कि जो क्षेत्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य है एवं विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं उन क्षेत्रों में सबसे पहले बिना लाभ-हानि के आधार पर नई रेलवे लाईन बिछाई जाएगी। मध्य प्रदेश में ऐसे दो संसदीय क्षेत्र - देवास, शाजापुर एवं उज्जैन जोकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित क्षेत्र हैं एवं विकास की दिशा में पिछड़े हुए हैं, यहां पर विगत वर्षों में तत्कालीन रेलमंत्री ने एक नई रेलवे लाईन रामगंजमंडी से झालावाड़ होते हुए आगर एवं उज्जैन तक बिछाने के सर्वे कार्य का भूमि पूजन एक बड़े समारोह में किया था। इस नई रेलवे लाईन का सर्वे कार्य पूर्ण होकर इसकी डी.पी.आर. भी बन चुकी है। लेकिन आज तक इस रेल लाईन की कार्य योजना को प्लानिंग कमीशन में स्वीकृति के लिए नहीं भेजा गया है। जब-जब इस रेलवे लाईन के बारे में माननीय रेल मंत्री जी को पत्र लिखा गया एवं लोक सभा में प्रश्न उठाया गया तो जवाब मिला कि ये रेलवे लाईन घाटे की है, नहीं बनाई जा सकती है। महामहिम राष्ट्रपति जी एवं रेलमंत्री जी के कहे हुए शब्द कहीं मिथ्या होकर न रह जाएं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र देवास की इस महत्वपूर्ण योजना की स्वीकृति प्लानिंग कमीशन से करवाकर 2012-2013 के बजट में सम्मिलित किया जाए।